दिनांक: 31.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के सानंद में केयन्स सेमीकंडक्टर ओएसएटी संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। एक दिन के दौरे पर गुजरात गये श्री मोदी ने गांधीनगर के कोबा में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया। यह संग्रहालय जैन इतिहास, सम्राट संप्रति के जीवन, उनके शासन और अहिंसा के संदेश को समर्पित है। इस पहल को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

000

केन्द्र सरकार ने राजस्थान सहित पांच राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 15वें वित्त आयोग के अतिरिक्त अनुदान जारी किये हैं। ये अनुदान जमीनी स्तर पर शासन को सशक्त बनाएंगे और पंचायती राज संस्थाओं में आवश्यकता आधारित स्थानीय विकास को सक्षम बनाएंगे।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–आरबीएसई की 12वीं कक्षा का परिणाम आज जारी कर दिया गया है। कला वर्ग का परिणाम 97 दशमलव पांच चार प्रतिशत रहा, जबकि विज्ञान वर्ग का 97 दशमलव पांच दो और वाणिज्य वर्ग का 93 दशमलव छह चार प्रतिशत रहा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ये परिणाम जारी किये। शिक्षा मंत्री ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

....

000

राज्य के दौसा और करौली जिलों में भी अब किसानों को कृषि कार्य लिए दिन के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इन दोनों जिलों को निर्बाध बिजली आपूर्ति से जोड़ने के बाद प्रदेश के कुल 24 जिलों में दिन के समय कृषि कार्य के लिए विद्युत आपूर्ति सुलभ होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में सोश्यल मीडिया पोस्ट पर ये घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देने का महत्वाकांक्षी संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में परिवर्तित बजट में यह कार्य चरणबद्ध रूप से साल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार के इस फैसले से दौसा जिले में करीब साढे 52 हजार और करौली जिले में 35 हजार से ज्यादा कृषि उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा।

000

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भी भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सुबह प्रभात फेरी निकालकर महावीर स्वामी के संदेश को आत्मसात किया गया। सवाईमाधोपुर में जिला मुख्यालय पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। पाली में निकाली गई शोभायात्रा में भगवान महावीर से जुड़ी झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।

000

प्रदेश में विभिन्न हिस्सों में आज भी पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। शेखावाटी क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में आंधी–बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। सरहदी और उत्तरी जिलों में भी आज कहीं–कहीं हल्की बारिश होने से मौसम खुशगवार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल उदयपुर और कोटा संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। विभाग के अनुसार अप्रैल के पहले सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो सकता है।

जिसके असर से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ आंधी–बारिश की संभावना है। इस बीच, मौसम विभाग ने किसानों को तैयार फसलों, कृषि मंडियों और धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज तथा जिंसो को ढकने या सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है।

000

भारतीय रिज़र्व बैंक ने पूंजी बाजार में निवेश संबंधी अपने नए नियमों को तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया है। संशोधित समय सीमा अब पहली अप्रैल के बजाय पहली जुलाई 2026 को लागू होगी। आरबीआई ने कहा कि यह निर्णय बैंकों, पूंजी बाजार मध्यस्थों और उद्योग निकायों के अनुरोधों के बाद लिया गया है। इन संस्थानों ने कुछ परिचालन संबंधी मुद्दों पर अधिक समय और स्पष्टता की मांग की थी। संशोधित दिशानिर्देश मूल रूप से इस वर्ष फरवरी में जारी किए गए थे। इनका उद्देश्य बैंकों के लिए भारतीय कंपनियों द्वारा अधिग्रहण के वित्तपोषण को आसान बनाना, शेयरों और इसी तरह के उपकरणों के विरुद्ध ऋण सीमा को सुव्यवस्थित करना और बाजार मध्यस्थों को ऋण देने के लिए अधिक सिद्धांत–आधारित दृष्टिकोण को लागू करना है।

000